नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


# वेनेजुएला में दो शक्तिशाली भूकंपों से तबाही

**164** मौतों की हुई पुष्टि

**39** सेकेंड में आए दो बड़े भूकंप

**10** हजार लोगों की मौत की आशंका

**7.2** और 7.5 तीव्रता के झटकों के बाद आपातकाल की घोषणा





**काराकास, 25 जून. दुनिया के चार प्रमुख देशों में बुधवार शाम से गुरुवार दोपहर तक आए शक्तिशाली भूकंपों ने बड़े पैमाने पर तबाही और दहशत का माहौल पैदा कर दिया. सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र के रूप में वेनेजुएला का नाम सामने आ रहा है, जहां 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो बड़े भूकंप मात्र कुछ सेकंड के अंतराल में दर्ज किए गए. भूकंप का केंद्र समुद्र में 51 किलोमीटर नीचे था. वेनेजुएला में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है.**

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की है. सरकार ने खोज एवं बचाव कार्यों के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित की है. सुरक्षा बलों, आपदा प्रबंधन टीमों और चिकित्सा कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है. इन झटकों के कारण राजधानी काराकास सहित कई शहरों में इमारतें हिल गईं और दस हजार से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है. जापान में भी 7.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसका केंद्र इवाते प्रान्त के तट के पास बताया गया है. झटके टोक्यो तक महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई, हालांकि सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई. इसी तरह ईरान और आसपास के क्षेत्रों में भी तेज भूकंप की सूचना मिली है, जबकि अमेरिका के कैलिफोर्निया क्षेत्र में 5.6 तीव्रता के झटकों ने लोगों को घरों से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया. भारत में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा क्षेत्र में हल्के झटके दर्ज किए गए, जिनकी तीव्रता 3.4 मापी गई. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भूकंप से संबंधित हादसों में कम से कम दस हजार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं. राहत एवं बचाव एजेंसियों का कहना है कि कई प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने का काम अभी जारी है, जिसके कारण मृतकों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है.

### वेनेजुएला की मदद के लिए भारत तैयार : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वेनेजुएला में आए भीषण भूकंप से हुई तबाही में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त किया. उन्होंने देश के लोगों की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में वेनेजुएला की सहायता के लिए भारत हर संभव तैयार है.

> अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राहत और बचाव कार्यों में सहयोग की बात कही है. अमेरिका, स्पेन, जर्मनी, ब्राजील, मेक्सिको, कोलंबिया, तुर्की, पनामा, क्यूबा और अन्य देशों ने सहायता एवं मानवीय सहयोग की घोषणा की है. राहत एजेंसियां प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, दवाइयां, अस्थायी आश्रय और चिकित्सा सहायता पहुंचाने में जुटी हैं.

## यूपी भाजपा की नई टीम का विस्तार

**17** की जगह 19 प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए

**60** फीसदी नए चेहरे, यतेंद्र शर्मा को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी

> प्रदेश संगठन का आकार भी बढ़ाया गया है। अब कुल 48 पदाधिकारी होंगे। इसमें 17 की जगह 19 प्रदेश उपाध्यक्ष, 7 से बढ़ाकर 8 प्रदेश महामंत्री और 16 से बढ़ाकर 19 प्रदेश मंत्री शामिल हैं। लगभग 25 पुराने पदाधिकारियों को इस बार जगह नहीं दी गई है, जिससे नए नेतृत्व को अवसर देने का संदेश गया है।

**लखनऊ, 25 जून. लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपने संगठनात्मक ढांचे में व्यापक बदलाव करते हुए नई प्रदेश टीम की घोषणा कर दी है.**

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में तैयार की गई इस टीम को आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है. नई टीम में 60 प्रतिशत नए चेहरों को शामिल किया गया है, जिससे संगठन में नई ऊर्जा और युवा नेतृत्व को आगे लाने का संकेत मिला है. नई टीम में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि समाजवादी पार्टी से भाजपा में शामिल हुईं पूजा पाल को भी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है. इसके अलावा अंकुर शर्मा और यतेंद्र शर्मा को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। यतेंद्र शर्मा लंबे समय तक राष्ट्रीय मीडिया में राजनीतिक पत्रकारिता से जुड़े रहे हैं, और उनके संगठन में शामिल होने को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

## ईडी ने एलएनसीटी ग्रुप से 4 करोड़ नकदी की जब्त

**साढ़े तीन करोड़ का मिला सोना दस्तावेजों की हो रही जांच**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 जून. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एलएनसीटी ग्रुप के परिसरों में छापेमारी करते हुए करीब साढ़े 7 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है. करीब 4 करोड़ की नकदी के साथ ही साढ़े 3 करोड़ रुपए का सोना भी कार्रवाई के दौरान बरामद हुआ है. मंगलवार को ईडी ने कार्रवाई शुरू की थी, जिसकी जांच लगातार जारी है.**

ईडी की ओर से गुरुवार को मुहैया कराई गई जानकारी में बताया गया है कि आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी से संबंधित मामले में और संबद्ध संस्थाओं से जुड़े 12 परिसरों में बड़ी कार्रवाई की. छापेमारी के दौरान ईडी ने 3.45 करोड़ रुपये की कीमत के सोना और लगभग 3.97 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है. ईडी ने संस्थान में करीब 7 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त किया है.

( शेष पेज 12 पर )

## पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं

**नई दिल्ली, 25 जून. नई दिल्ली में पासपोर्ट सेवाओं से जुड़ी फीस में बड़ा बदलाव किया गया है. विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट नियमों में संशोधन करते हुए नई दरों की घोषणा की है, जो 1 जुलाई से पूरे देश में लागू होंगी.**

विदेश मंत्रालय एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पासपोर्ट एक यात्रा दस्तावेज़ है न कि नागरिकता का प्रमाणपत्र. सैद्धांतिक रूप से पासपोर्ट को नागरिकता के प्रमाण के रूप में देखा जाता है और यही बात इसे अन्य दस्तावेज़ों से अलग बनाती है. इस बदलाव का सीधा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो नया पासपोर्ट बनवाने, रिन्यू कराने या खोए/ डैमेज पासपोर्ट को रिप्लेस कराने की प्रक्रिया में हैं. नई दरों के अनुसार 36 पन्नों वाले सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दी गई है. इसी तरह तत्काल सेवा के तहत बनने वाले पासपोर्ट की फीस 3,500 रुपए से बढ़ाकर 5,000 रुपए तय की गई है।

### पासपोर्ट बनवाने की फीस बढ़ी

| |
|---|
| 36 पेज नॉर्मल कैटेगरी पासपोर्ट- 1,500 से बढ़कर 2,500 रुपए |
| 36 पेज तत्काल कैटेगरी पासपोर्ट- 3,500 से बढ़कर 5,000 रुपए |
| 60 पेज नॉर्मल कैटेगरी पासपोर्ट- 2,000 से बढ़कर 3,500 रुपए |
| 60 पेज तत्काल कैटेगरी पासपोर्ट- 4,000 से बढ़कर 6,000 रुपए |

**मंत्रालय ने पासपोर्ट रूल्स, 1980 में संशोधन के बाद नई दरों को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया है**




5 crore+ HAPPY CUSTOMERS | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. World's largest Two-wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: SIAM Certificate. ^Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. $Green Bonus is applicable to Pan India on select Hero Products and Bonus amount may vary as per model/variant. Internal bench marking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ DRUM BRAKE OBD2B in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारु मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलोट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.